## प्रेस नोट दिनांक 23.06.2026

## थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

**थाना भोजीपुरा #bareillypolice द्वारा मुठभेड़ के दौरान ₹20,000 के इनामी, गौकशी एवं पुलिस फायरिंग प्रकरण में वांछित अभियुक्त को पैर में गोली लगने से घायल अवस्था में किया गया गिरफ्तार, कब्जे से अवैध असलहा, एक मोबाइल फोन एवं एक मोटरसाइकिल बरामद ।**

**संक्षिप्त विवरणः-**

दिनांक 23.06.2026 को थाना भोजीपुरा पुलिस द्वारा वांछित एवं ₹20,000 के पुरस्कार घोषित अपराधी जाहिद उर्फ अंडा पुत्र अली अहमद उर्फ भूरा निवासी टाह प्यारी नवादा थाना नवाबगंज हाल निवासी वार्ड नं0-6 कस्बा धौराटांडा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली को पुलिस मुठभेड़ में गिरफ्तार किया गया।

अभियुक्त के विरुद्ध थाना भोजीपुरा पर मु0अ0सं0 51/2026 धारा 3/5/8 गोवध निवारण अधिनियम तथा मु0अ0सं0 89/2026 धारा 109 बीएनएस एवं 3/25/27 आयुध अधिनियम के अभियोग पंजीकृत हैं। अभियुक्त गौकशी एवं पुलिस पर फायरिंग की घटनाओं में वांछित चल रहा था तथा गिरफ्तारी से बचने हेतु लंबे समय से फरार था, जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक बरेली द्वारा ₹20,000 का पुरस्कार घोषित किया गया था।

**सूचना एवं कार्यवाहीः-**

इसी क्रम में दिनांक 23.06.2026 को उ0नि0 पवन कुमार (प्रभारी चौकी धौराटांडा) मय पुलिस टीम द्वारा चेकिंग के दौरान मुखबिर की सूचना पर ग्राम घुरसमसपुर रोड पर अभियुक्त को रोकने का प्रयास किया गया। इस पर अभियुक्त द्वारा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया, जिसमें आरक्षी विकास घायल हो गए।

पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ की गई जवाबी कार्यवाही में अभियुक्त के दाहिने पैर में गोली लगी, जिसके उपरांत उसे घायल अवस्था में समय लगभग 01:10 बजे गिरफ्तार किया गया।

घायल अभियुक्त एवं घायल आरक्षी को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया है। अन्य वांछित अभियुक्त की गिरफ्तारी हेतु प्रयास जारी हैं तथा अग्रिम विधिक कार्यवाही प्रचलित है।

**घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरण:-**

मु0अ0सं0 444/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

**गिरफ्तार अभियुक्त का विवरणः-**

जाहिद उर्फ अंडा पुत्र अली अहमद उर्फ भूरा निवासी टाह प्यारी नवादा थाना नवाब गंज जनपद बरेली हाल निवासी वार्ड न0. 6 कस्बा धौराटाण्डा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

**अभियुक्त जाहिद उर्फ अंडा का आपराधिक इतिहासः-**

1. मु0अ0सं0 167/2019 धारा 3/5ए/8 सीएस एक्ट व 11 पशु क्र0 अधि0 थाना भुता जनपद बरेली
2. मु0अ0सं0 58/2020 धारा 2/3 गैंग0 एक्ट थाना भुता जनपद बरेली
3. मु0अ0सं0 92/2020 धारा 3/8 सीएस एक्ट, 11 पशु क्र0 अधि0, 307 भादवि थाना नवाबगंज जनपद बरेली
4. मु0अ0सं0 51/2026 धारा 3/5/8 सीएस एक्ट थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

5. मु0अ0सं0 89/2026 धारा 109 बीएनएस व धारा 3/25/27 आयुध अधि0 थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

6. मु0अ0सं0 444/26 धारा 109(1)/3(5) बीएनएस व 3/25/27 आयुध अधिनियम थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

**बरामदगी का विवरणः-**

एक तमंचा 315 बोर

एक खोखा कारतूस 315 बोर (नाल में फंसा हुआ) एवं तीन जिन्दा कारतूस 315 बोर

एक मोबाइल फोन (Vivo कंपनी)

एक मोटरसाइकिल हीरो स्प्लेंडर प्रो, पंजीकरण संख्या UP25BP0459

**पूछताछ विवरणः-**

अभियुक्त जाहिद उर्फ अंडा पुत्र अली अहमद उर्फ भूरा, निवासी टाह प्यारी नवादा, थाना नवाबगंज, जनपद बरेली, हाल निवासी वार्ड नं0 06, कस्बा धौराटांडा, थाना भोजीपुरा, जनपद बरेली ने पूछताछ में बताया कि उसके विरुद्ध थाना भोजीपुरा पर दो अभियोग पंजीकृत हैं तथा उसकी गिरफ्तारी हेतु इनाम घोषित है, जिसके कारण वह पुलिस से बचते हुए लंबे समय से फरार चल रहा था। उसने बताया कि वह आज अपने घर आया था तथा रात्रि के समय अपने साथी अजीम पुत्र यामीन उर्फ मोती के साथ बाहर जा रहा था, तभी पुलिस द्वारा घेराबंदी कर ली गई। अपने आप को घिरा देखकर दोनों ने गिरफ्तारी से बचने के उद्देश्य से पुलिस पार्टी पर अपने-अपने तमंचों से फायर किया, जिसमें उसे पैर में गोली लग गई। उसका साथी अजीम उसे घायल अवस्था में छोड़कर मौके से फरार हो गया। अभियुक्त ने यह भी बताया कि उसने पूर्व में अपने साथियों के साथ मिलकर जनवरी माह में ग्राम सिंघाई नवदिया के जंगल में अम्ब्रेशिया कॉलोनी के पास गौकशी की घटना कारित की थी, तथा दिनांक 14.02.2026 को पुलिस मुठभेड़ के दौरान भी पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नीयत से फायर किया गया था। उक्त दोनों घटनाओं के संबंध में थाना भोजीपुरा पर अभियोग पंजीकृत हैं।

**पुलिस टीम का विवरणः-**

प्रभारी निरीक्षक कुंवर बहादुर सिंह थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

प्रभारी सर्विलांस सैल मय टीम जनपद बरेली

उ0नि0 पवन कुमार थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

उ0नि0 विनय बहादुर सिंह थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

हे0कां0 सुमित शर्मा थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

हे0कां0 परमानन्द थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

हे0कां0 साबिर अली थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

कां0 विकास थाना भोजीपुरा जनपद बरेली

कां0 हरिओम थाना भोजीपुरा जनपद बरेली